**न्यायालय – न्यायिक मजिस्ट्रेट – प्रथम, जनपद सीतापुर।**
**पीठासीन अधिकारी – श्रीमती गरिमा सिंह (उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा)**
CNR No. – UPSI040249872026
Bail Application No. – 7596/2026
**उ०प्र०सरकार बनाम वसीम उर्फ कोंदी**

**दिनांक – 05.08.2026**

**<u>निस्तारण जमानत प्रार्थना पत्र</u>**

**1–** प्रार्थी/अभियुक्त **वसीम उर्फ कोंदी** की ओर से मु०अ०स० 05/2017, अन्तर्गत धारा 4/10 वन संरक्षण अधिनियम तथा 3/28 उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी एवं अन्य उपज अभिवहन नियामावली, थाना तम्बौर, जिला सीतापुर, के मामले में जमानत प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**2–** प्रार्थी/अभियुक्त दिनांक 04.08.2026 को जिला कारागार सीतापुर में निरुद्ध है।

**3–** प्रार्थी/अभियुक्त की ओर से जमानत प्रार्थना पत्र में कथन है कि प्रार्थी/अभियुक्त को उक्त वाद में वादी द्वारा झूठा एवं रंजिशन फंसाया गया है। प्रार्थी/अभियुक्त पूर्णतया निर्दोष है। प्रार्थी/अभियुक्त ने अवैध रूप से कोई भी लकड़ी काटने व काटकर बेचने का कोई प्रयास नहीं किया है। प्रार्थी/अभियुक्त के विरुद्ध कोई निष्पक्ष व स्वतंत्र साक्षी नहीं है। प्रार्थी/अभियुक्त अपनी जमानत देने को तैयार है। प्रार्थी/अभियुक्त अपनी जमानत का दुरुपयोग नहीं करेगा। अतः प्रार्थी/अभियुक्त द्वारा जमानत पर रिहा किये जाने की याचना की गई।

**4–** सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा जमानत का विरोध किया गया।

**5–** सुना तथा पत्रावली का परिशीलन किया।

**6–** पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी/अभियुक्त पर अन्तर्गत धारा 4/10 वन संरक्षण अधिनियम तथा 3/28 उत्तर प्रदेश इमारती लकड़ी एवं अन्य उपज अभिवहन नियामावली, का आरोप है। प्रार्थी/अभियुक्त दिनांक 04.08.2026 को जिला कारागार सीतापुर में निरुद्ध है। प्रस्तुत प्रकरण में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया जा चुका है। अतः मामले के समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी/अभियुक्त को जमानत पर रिहा किए जाने का आधार पर्याप्त है। तदनुसार प्रार्थी/अभियुक्त द्वारा प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

**7–** प्रार्थी/अभियुक्त **वसीम उर्फ कोंदी** की ओर से प्रस्तुत जमानत प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है। प्रार्थी/अभियुक्त द्वारा 25,000/–रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र व समान धनराशि का एक प्रतिभू दाखिल करने पर जमानत पर रिहा किया जाए।

**दिनांक – 05.08.2026**

(गरिमा सिंह)
न्यायिक मजिस्ट्रेट–प्रथम,
जनपद सीतापुर।
J.O. Code – UP3814

इमरान आलम/–

Digitally signed by Garima Singh
Date: 2026.08.05 17:21:05 IST
Reason: Order
Location: J.M. Ist Court Sitapur